कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 16.12.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

मटका फोड़ प्रतियोगिता में बबली साहू प्रथम रहीं

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर समूह क्रीडा गतिविधियों के अंतर्गत मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की क्रीडाधिकारी डॉ0 ऋतु दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय के ब्लू, यलो, रेड तथा ऑरेन्ज हाउस के बीच प्रथम चक्र सम्पन्न किया गया।

इस प्रतियोगिता के अंतिम चरण में बी0 ए0 अंतिम वर्ष की कु0 बबली साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कु0 चंचल यादव तथा कु0 उमेश्वरी चंद्राकर, तृतीय स्थान पर रहीं।

इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ0 ऋतु दुबे ने किया। प्रतियोगिता के संयोजन में डॉ0 सुषमा यादव, कु0 रश्मी नौरंगे, श्री रूपेश साहू, श्रीमती आरती सिंह राठौर, कु0 माजदा खातून, कु0 डिम्पल साहू, श्री लावेन्द्र कुमार, कु0 सारिका टण्डन, कु0 नेहा यादव एवं कु0 तब्बसुम अली ने सक्रिय सहयोग दिया।

(डॉ0 एस0 सी0 तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग